IS 15700:2005

**उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–द्वितीय**
भूतनाथ आफिस काम्पलेक्स, तृतीय तल,
इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016
☎ 0522-2351082

पत्रांकः 517 / अ0नि0 / दिनांकः 25.03.17

सेवा में,

वास्तुविद् नियोजक,
वास्तुकला एवं नियोजन ईकाई–चतुर्थ,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

विषयः **इन्दिरा नगर योजना, लखनऊ स्थित भवन संख्या बी–1361/1 का मानचित्र स्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इन्दिरा नगर योजना, लखनऊ स्थित भवन संख्या बी–1361/1 को बिना अनुमति/मानचित्र स्वीकृति के ध्वस्त किया जा रहा था, जिसके विरूद्व खण्ड कार्यालय के पत्रांक 56/अना0नि0/दिनांक 11.01.2017 द्वारा श्री खलील अहमद के नाम नोटिस निर्गत करते हुए दि. 18.01.2017 को सुनवाई तिथि नियत की गई थी, जिसके क्रम में श्री इरशाद अली पुत्र श्री वाहिद अली द्वारा यह सूचित किया गया कि ''वर्तमान में भवन मेरे स्वामित्व में है, तथा मानचित्र स्वीकृति हेतु वास्तुकला अनुभाग में सम्पर्क किया जा रहा है। नियमों की जानकारी न होने के कारण पुराने निर्माण को सावधानी पूर्वक हटाया गया है, स्थल पर वर्तमान में कोई निर्माण नहीं है तथा भूखण्ड रिक्त पड़ा हुआ है। मानचित्र स्वीकृत होने के उपरान्त ही तदानुसार निर्माण कार्य कराया जायेगा''। श्री इरशाद अली द्वारा इस सम्बन्ध में शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

दिनांक 18.03.2017 को श्री इरशाद अली द्वारा पुनः भूखण्ड का स्थल निरीक्षण कराने एवं वस्तुस्थिति से वास्तुकला अनुभाग को अवगत कराने हेतु अनुरोध किया गया है, जिसके क्रम में स्थल निरीक्षण कराया गया तथा यह पाया गया कि वर्तमान में स्थल पर भूखण्ड रिक्त पड़ा हुआ है तथा मौके पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं है।

अतः आवंटी द्वारा प्रस्तुत शपथ–पत्र मूलरूप में इस आशय से संलग्न प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त का संज्ञान लेते हुए मानचित्र स्वीकृति हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(इं0 अजय कुमार मित्तल)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रॉकः– / / दिनॉकः
प्रतिलिपिः–

1. श्री इरशाद अली, पुत्र श्री वाहिद अली, 5, लक्ष्मणपुरी, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

Sh. Prajapati
28/3/17

22/5/17

IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–द्वितीय**

भूतनाथ आफिस काम्प्लेक्स (तृतीय तल),

इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016 (उ0प्र0) ☎ 0522-2351082

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 Bureau of Indian Standards SQMS

पत्र सं0 : 937 / अना नि0 / दिनांक : 19-05-17

सेवा में,

**वास्तुविद् नियोजक,**
वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–चतुर्थ,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
नीलगिरी काम्पलेक्स, द्वितीय तल,
इन्दिरा नगर, लखनऊ।

विषयः भूखण्ड/भवन संख्या ए–168, योजना–इन्दिरा नगर, लखनऊ के मानचित्र स्वीकृति के संबंध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या 1094/ई–4/नि0प्र0 42/2017, दिनांक 25.04.2017 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भवन संख्या ए–168 के आवंटी द्वारा भवन के फ्रन्ट सेट बैक में अनाधिकृत निर्माण किया जा रहा था, जिसके विरूद्ध खण्ड कार्यालय के पत्रांक 2586/अना0नि0/दि0 20.11.2013 द्वारा परिषद अधिनियम के अन्तर्गत नोटिस निर्गत करते हुए अनाधिकृत निर्माण हटाये जाने के निर्देश आवंटी को दिये गये थे, जिसके क्रम में तत्समय ही आवंटी द्वारा भवन से अनाधिकृत निर्माण हटा लिया गया था।

वर्तमान में भवन में कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं है। अतः मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(इं0 अजय कुमार मित्तल)
अधिशासी अभियन्ता

SL. Prajapati

22/5/17

IS 15700:2005
सर्वोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं वि...
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण...
भूतनाथ आफिस काम्प्लेक्स (तृती...
इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016 (उ0प्र0) ☎ 0522-2351082

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700
मानक: पथप्रदर्शक:
Bureau of Indian Standards SQMS

पत्र सं0 : 565 / अभा/नि0 / दिनांक : 31-3-17

पत्र संख्या 65
... संख्या ...
... 03/4/17

सेवा में,

**वास्तुविद् नियोजक,**
वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–चतुर्थ,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
नीलगिरी काम्पलेक्स, द्वितीय तल,
इन्दिरा नगर, लखनऊ।

विषयः **<u>भवन संख्या बी–187, इन्दिरा नगर, लखनऊ के संबंध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया पत्रांक 680 दिनांक 20.03.2017 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में बिन्दुवार आख्या निम्नवत है :–

1. पूर्व में कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत है। भवन के फ्रन्ट सेट बैक में अस्थाई निर्माण है, जिसमें शटर लगा हुआ है।
2. भवन का वर्तमान में आवासीय उपयोग किया जा रहा है।
3. भवन को अभी ध्वस्त नहीं किया गया है।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
**(इं0 अजय कुमार मित्तल)**
अधिशासी अभियन्ता

Sh. Prajapati
3/4/17

IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3

आफिस काम्पलेक्स (तृतीय तल)

9ए. वृंदावन योजना संख्या–2, भाग–2, लखनऊ।

पत्र सं0– 332 / G-13 / 20

दिनांक– 22/03/2017

सेवा में,

वास्तुविद नियोजक

इकाई– चतुर्थ

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर,

लखनऊ।

**विषयः–भवन सं0–18/250 इन्दिरा नगर लखनऊ के मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया भवन सं0–18/250 के आवंटी श्री सुधाकर अदीब द्वारा अपने पत्र दिनांक 21.03.2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके भवन सं0–18/250 का मानचित्र आपके पत्रांक 2772 दिनांक 20.09.2016 द्वारा स्वीकृत है तथा उक्त स्वीकृति मानचित्र के अनुसार कार्य किया जा रहा है इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि क्षेत्र से सम्बन्धित अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता द्वारा स्थल का दिनांक 22.03.2017 को निरीक्षण किया गया तथा यह पाया गया कि उक्त भवन के भूतल का निर्माण लिंथ लेविल तक (स्वी0 मानचित्र के अनुरूप) पूर्ण कर लिया गया है तथा आगे कार्य प्रगति में है। पुनः आवंटी द्वारा प्रथम तल व द्वितीय तल के निर्माण हेतु मानचित्र स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः आवंटी के अनुरोध के दृष्टिगत भवन के प्रथम तल व द्वितीय तल के मानचित्र स्वीकृति सम्बन्धी कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डी0के0 श्रीवास्तव)

अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ सं0 / /

दिनांकः–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सहायक अभियन्ता–प्रथम, नि0ख0–3, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वृन्दावन योजना, लखनऊ।
2. आवंटी श्री सुधाकर अदीब, भवन सं0–18/250, इन्दिरा नगर, लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 21.03.2017 के क्रम में।

अधिशासी अभियन्ता

Sh. Rajpati
23/3/17